**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**31.12.2024** **1945 बजे**

## '' मुख्य समाचार''

- मुख्यमंत्री ने शिमला में हर दिन सेहत अभियान का किया शुभारंभ– लोगों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के बारे में किया जाएगा जागरूक।
- नववर्ष से पहले प्रदेश में उमड़ी सैलानियों की भीड़, प्रशासन ने किए पुख्ता इंतजाम–राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने लोगों को दीं शुभकामनाएं।
- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तीसरे चरण में प्रदेश में 2 हज़ार किलोमीटर सड़कों का होगा उन्नयन।
- राज्य में सुबह–शाम शीतलहर जारी– 4 से 6 जनवरी तक हिमपात व वर्षा की संभावना।

## हर दिन सेहत

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला में हर दिन सेहत अभियान का शुभारंभ किया। ये अभियान लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और उनमें बीमारियों की रोकथाम की संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत आईजीएमसी शिमला और नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थी विभिन्न स्थानों पर हैल्थ टॉक्स का आयोजन करेंगे और लोगों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के बारे में जागरूक किया जाएगा। आईजीएमसी शिमला के विभिन्न वार्डों, ओपीडी और शिमला शहर के अनेक सार्वजनिक स्थानों पर ये गतिविधियां चलाई जाएंगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि ये अभियान एक दीर्घकालिक पहल है और इसके माध्यम से स्वास्थ्य जागरूकता को लोगों की दिनचर्या का हिस्सा बनाया जाएगा।

## दूध खरीद

इस बीच मुख्यमंत्री ने पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता भी की और बताया कि प्रदेश की 10 समितियों में प्रायोगिक आधार पर डिजिटल माध्यम से दूध की खरीद की जाएगी। उन्होंने कहा कि हिमाचल देश का पहला राज्य है जिसमें दूध खरीद के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य लागू किया है जो देश में सबसे अधिक है। सुखविंदर सिंह

सुक्खू ने बताया कि किसानों से गाय का दूध 45 रूपये और भैंस का दूध 55 रूपये प्रति लीटर की दर से खरीदा जा रहा है।

**नववर्ष**

कल से नववर्ष शुरू हो रहा है। वर्ष 2024 को विदाई देने और वर्ष 2025 के स्वागत को लेकर बड़ी संख्या में पर्यटक शिमला पहुंच रहे हैं। शिमला का ऐतिहासिक रिज मैदान और मॉल रोड पर्यटकों से खचाखच भरा है।

**नव वर्ष की आहट के बीच बड़ी संख्या में सैलानी प्रदेश में पहुंच रहे हैं जो यहां की हसीन वादियों में नये साल का स्वागत करना चाहते हैं। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेशवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि नव वर्ष सभी लोगों के जीवन में नई उमंग और उत्साह लेकर आएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन की दिशा में राज्य सरकार कार्य करती रहेगी।**

**शिमला में पिछले एक सप्ताह में 50 हजार से अधिक पर्यटक वाहनों ने प्रवेश किया है। पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से शिमला शहर को पांच सेक्टरों में बांटा गया है।**

**उधर मनाली में भी नव वर्ष को लेकर सैलानियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। राज्य पर्यटन निगम ने सैलानियों की सुविधा के लिये खास प्रबंध किये हैं। निगम के डीजीएम बलदेव सिंह ओक्टा ने बताया कि आज मनाली क्वीन का चयन भी किया जाएगा।**

**कुल्लू मनाली में अटल टनल रोहतांग के माध्यम से 11 दिसम्बर से अब तक एक लाख वाहनों की आवाजाही हुई है।**

**बधाई**

इस बीच उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने भी प्रदेशवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी है।

**विक्रमादित्य**

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तीसरे चरण के तहत प्रदेश में 2 हज़ार किलोमीटर सड़कों का उन्नयन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि योजना के चौथे चरण के तहत 9 सौ किलोमीटर सड़कों की

डीपीआर तैयार की जानी प्रस्तावित है। विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि वर्ष 2025–26 में राज्य में 5 सौ नई सड़कों का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

**बिजली बोर्ड**

चण्डीगढ़ बिजली बोर्ड को निजी कम्पनी को सौंपने के विरोध में शिमला में भी हिमाचल बिजली बोर्ड के कर्मचारियों ने आज सुबह एक घंटे की हड़ताल की। प्रदेश बिजली बोर्ड कर्मचारी व इंजीनियर ज्वाइंट फ्रंट के सहसंयोजक हीरालाल वर्मा ने कहा कि चण्डीगढ़ बिजली बोर्ड को निजी कम्पनी को सौंपे जाने से अन्य राज्यों पर भी इसका असर पड़ेगा। उन्होंने सरकार से इस फैसले को वापिस लेने की मांग की है।

**शौचालय शुल्क**

शिमला नगर निगम के महापौर सुरेन्द्र चौहान ने कहा है कि शहर में सार्वजनिक शौचालयों के इस्तेमाल पर लोगों से शुल्क लेने का कोई प्रस्ताव नहीं है और सभी को ये सुविधा निशुल्क मिलेगी। उन्होंने कहा कि नगर निगम शिमला में अब महिलाओं और पुरूषों से सार्वजनिक शौचालयों के इस्तेमाल पर कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पिछले कल ही नगर निगम ने शौचालयों के इस्तेमाल पर शुल्क लेने का प्रस्ताव रखा था।

**मौसम**

प्रदेश में पिछले दो दिनों से मौसम साफ बना हुआ है और दिन के समय खिल रही धूप से लोगों को कड़ाके की ठंड से निजात मिली है। शिमला स्थित मौसम विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि प्रदेश में 4 जनवरी से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है जिसके चलते 6 जनवरी तक ऊपरी क्षेत्रों में हिमपात और अन्य भागों में वर्षा की संभावना है।

**कुल्लू कार्निवाल**

कुल्लू के ऐतिहासिक ढालपुर मैदान में 2 जनवरी से एक बार फिर कुल्लू कार्निवाल शुरू हो रहा है। नगर परिषद कुल्लू की आज हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों में देश व प्रदेश के कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

**सीबीडीटी–आयकर**

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने वर्ष 2024–25 के लिए विलंबित और संशोधित आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बार से बढ़ाकर 15 जनवरी कर दी है। इससे करदाताओं को आयकर रिटर्न दाखिल और संशोधित करने के लिए दो सप्ताह का अतिक्ति समय मिलेगा।

**'अंत में मुख्य समाचार '**

- मुख्यमंत्री ने शिमला में हर दिन सेहत अभियान का किया शुभारंभ– लोगों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के बारे में किया जाएगा जागरूक।
- नववर्ष से पहले प्रदेश में उमड़ी सैलानियों की भीड़, प्रशासन ने किए पुख्ता इंतजाम–राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने लोगों को दीं शुभकामनाएं।
- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तीसरे चरण में प्रदेश में 2 हज़ार किलोमीटर सड़कों का होगा उन्नयन।
- राज्य में सुबह–शाम शीतलहर जारी– 4 से 6 जनवरी तक हिमपात व वर्षा की संभावना।